Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 28 जुलाई, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-28-july-2020

रोज़गार बाज़ार

देशव्यापी लॉकडाउन से प्रभावित श्रमिकों और व्यापारियों को राहत देने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने 'रोज़गार बाज़ार' (Rozgar Bazaar) नाम से एक जॉब पोर्टल लॉन्च किया है। पोर्टल को लॉन्च करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 'इस जॉब पोर्टल के माध्यम से श्रमिक काफी आसानी से अपनी पसंद की नौकरी प्राप्त कर सकते हैं, वहीं व्यापारियों को यह पोर्टल आसानी से कुशल कामगारों की खोज करने में सहायता करेगा।' गौरतलब है कि अपनी पसंद की नौकरी प्राप्त करने के लिये श्रमिक को सर्वप्रथम इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा जिसके बाद वे फोन या व्हाट्सअप के माध्यम से प्रत्यक्ष तौर पर नौकरी प्रदाताओं से संपर्क कर सकते हैं। विदित हो कि अनलॉक की प्रक्रिया के दौरान लगभग सभी व्यापार और व्यवसाय खुलने लगे है और अब श्रमिक तथा नौकरी देने वाले दोनों मौजूद है। इस प्रकार दिल्ली सरकार की यह वेबसाइट न केवल नौकरी करने के इच्छुक कुशल एवं अकुशल लोगों तथा नौकरी प्रदान करने वाले लोगों के बीच एक सेतु के रूप में कर करेगा, बल्कि यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोबारा खड़ा करने में मददगार साबित होगी। दिल्ली सरकार द्वारा जारी सूचना के अनुसार, लॉन्च होने के शुरुआती घंटों में 'रोज़गार बाज़ार' पर उपयोगकर्त्ताओं की काफी अच्छी प्रतिक्रिया देखी गई और इस दौरान नौकरी प्राप्त करने के इच्छुक लगभग 51,403 लोगों ने पंजीकरण किया और नियोक्ताओं ने कुल 18,585 रिक्तियों की सूचना दी।

प्रसिद्ध अभिनेत्री कुमकुम का निधन

28 जुलाई, 2020 को बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री कुमकुम (Kumkum) का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। गौरतलब है कि कुमकुम ने बॉलीवुड की 100 से अधिक फिल्मों और कई प्रसिद्ध गीतों में अपने अभिनय का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कुमकुम को मुख्य तौर पर मदर इंडिया (वर्ष 1957), सन ऑफ इंडिया (वर्ष 1962), कोहिनूर (वर्ष 1960) और नया दौर (वर्ष 1957) आदि में उनकी उम्दा अदाकारी के लिये याद किया जाता है। उल्लेखनीय है कि उन्होंने वर्ष 1963 में बनी भारत की पहली भोजपुरी फिल्म में भी अभिनय किया था। अभिनेत्री कुमकुम ने अपने दौर के कई प्रमुख अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के साथ कार्य किया था, जिनमें किशोर कुमार और गुरु दत्त जैसे प्रसिद्ध अभिनेताओं का नाम शामिल है। कुमकुम ने अपने फिल्मी कैरियर की शुरुआत वर्ष 1954 में फिल्म 'आर पार' के एक प्रसिद्ध गीत के साथ की थी।

मालदीव स्थापन दिवस

26 जुलाई, 2020 को मालदीव ने अपना 55वाँ स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद को बधाई दी है। गौरतलब है कि भारत ने वर्तमान कोरोना वायरस (COVID-19) महामारी के दौर में मालदीव की काफी सहायता की है और सरकार ने मालदीव को COVID-19 महामारी के बीच अपने 'संजीवनी अभियान' के तहत 6.2 टन आवश्यक औषधियाँ और 600 टन आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई है। मालदीव का भू-क्षेत्रफल लगभग 298 वर्ग किमी. है, जो हिंद महासागर में श्रीलंका के 600 किमी. दक्षिण पश्चिम में 1,200 प्रवाल द्वीपों में विस्तृत है, हालाँकि इनमें से केवल कुछ ही द्वीपों पर निवास है। इन द्वीपों की औसत ऊँचाई लगभग एक मीटर है। उल्लेखनीय है यहाँ के लगभग 90 प्रतिशत रहने योग्य द्वीपों को पर्यटक रिसॉर्ट्स के रूप में विकसित किया गया है और शेष द्वीपों को कृषि अथवा अन्य आजीविका उद्देश्यों के लिये उपयोग किया जाता है। यहाँ का सबसे बड़ा धार्मिक संप्रदाय मुस्लिम धर्म है। मालदीव की राजधानी माले है, जो देश का सबसे अधिक आबादी वाला शहर है।

अवनी दोशी

दुबई में रहने वाली भारतीय मूल की लेखिका अवनी दोशी (Avni Doshi) को उनके उपन्यास 'बर्नट शुगर' (Burnt Sugar) के लिये प्रतिष्ठित 2020 बुकर पुरस्कार के लिये चुने गए 13 लेखकों की सूची में शामिल किया गया है। वहीं अवनी दोशी के अलावा इस सूची में दो बार बुकर पुरस्कार जीत चुकीं हिलेरी मेंटल (Hilary Mantel) को उनके उपन्यास 'द मिरर एंड द लाइट' (The Mirror and The Light) के लिये इस सूची में शामिल किया गया है। अवनी दोशी का जन्म वर्ष 1982 में अमेरिका के न्यू जर्सी (New Jersey) में हुआ था और वर्तमान में वे दुबई में रह रही हैं। बुकर पुरस्कार किसी विशिष्ट वर्ष के सर्वोत्तम अंग्रेज़ी उपन्यास को दिया जाता है, जिसका प्रकाशन यूनाइटेड किंगडम (UK) या आयरलैंड में होता है। इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1969 में अंग्रेज़ी में प्रकाशित उपन्यासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। बीते वर्ष 2019 के लिये कनाडा की मार्गरेट एटवुड (Margaret Atwood) और ब्रिटेन की बर्नाडिन एवरिस्टो (Bernardine Evaristo) को संयुक्त रूप से इस पुरस्कार के लिये चुना गया था।